Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 7

**S–121–Hindi(D & D)**

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

# माध्यमिक (मूक–बधिर) परीक्षा, 2019

## हिंदी

**समय** : 4¼ **घंटे**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिस प्रश्नों के **क, ख, ग, घ** भाग हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

यहाँ से काटिए

## भाग – क

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के ऊपर है क्योंकि आज जो विद्यार्थी है वे ही कल स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे । भारत की उन्नति और उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करती है अत: विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी से करना चाहिए । उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, धर्म को बल प्राप्त हो सके जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते वे राष्ट्र और समाज के लिए भार स्वरूप होते हैं?

1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । [1]

2) भारत का कौनसा दायित्त्व विद्यार्थियों पर है? [1]

3) विद्यार्थी को अपने जीवन का निर्माण कैसे करना चाहिए? [2]

निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

कुदरत हमको रोज सिखाती,
जगहित में कुछ करना सीखें,
अपने लिए सभी जीते हैं,
औरों के हित मरना सीखे
सूरज हमे रोशनी देता
तारे शीतलता बरसाते
चाँद बाँटता अमृत सबको,
बादल वर्षा जल दे जाते ।
जुगनू ज्यों थोड़ा – थोड़ा ही
अंधकार हम हरना सीखें ।

4) सूरज और बादल हमें क्या – क्या देते हैं? [1]

5) कुदरत हमें क्या सिखाती है? [2]

6) 'सूरज' का पर्यायवाची है – [1]

अ) जलद

ब) तारा

स) सूर्य

द) नदी

## भाग – ख

7) दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए।[8]

अ) हमारे राष्ट्रीय पर्व – स्वतंत्रता दिवस

i) प्रस्तावना

ii) क्यों एवं कब मनाया जाता है।

iii) कैसे मनाया जाता है।

iv) उपसंहार

ब) स्वच्छता अभियान

i) प्रस्तावना

ii) प्रारंभ एवं आवश्यकता

iii) बदलता समाज

iv) उपसंहार

स) होली

i) प्रस्तावना

ii) क्यों मनाया जाता है?

iii) कैसे मनाया जाता है?

iv) उपसंहार

द) जल प्रदूषण

i) प्रस्तावना

ii) जल प्रदूषण के कारण, दुष्परिणाम

iii) बचने के उपाय

iv) उपसंहार

8) स्वयं को रोहन निवासी सीकर मानते हुए जिला रोजगार अधिकारी को रोजगार शिविर आयोजित करने का आवेदन लिखिए। [4]

अथवा

स्वयं को नेहा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोखमपुरा जयपुर की छात्रा मानते हुए शुल्क माफी हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए ।

## भाग – ग

9) राम पढ़ता है । रेखांकित पद में क्रिया बताते हुए उसकी परिभाषा लिखिए । [1 + 1 = 2]

10) 'राम ने रावण को मारा था।' वाक्य में कारक एवं काल बताइए । [2 + 1 = 3]

11) निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए । [1 + 1 = 2]

अ) माता – पिता

ब) पिताम्बर

12) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए । [1 + 1 = 2]

अ) पक्षी पेड़ में बैठे हैं ।

ब) बच्चे को काटकर फल दो ।

13) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए। [1 + 1 = 2]

अ) आँख का तारा होना ।

ब) पेट में चूहे कूदना ।

14) निम्नलिखित लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । [1]

एक पंथ दो काज ।

## भाग – घ

15) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । [6]

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं ।
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन है स्त्री जीवन है
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की–जैसी दिखाई मत देना ।

अथवा

कानपूर के नाना की, मुँहबोली बहन 'छबीली' थी,
लक्ष्मीबाई नाम, पिता की वह संतान अकेली थी,
नाना के संग पढ़ती थी वह, नाना के संग खेली थी,
बरछी, ढाल, कृपाण कटारी उसकी यही सहेली थी

16) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए : [6]

चिन्ता को लोग चिता कहते हैं। जिसे किसी प्रचंड चिन्ता ने पकड़ लिया है, उस बेचारे की जिंदगी खराब हो जाती है, किन्तु ईर्ष्या शायद फिर चिन्ता से भी बदतर चीज है क्योंकि वह मनुष्य के मौलिक गुणों को ही कुंठित बना डालती है।

अथवा

दादू इतने शान्त स्वभाव के थे कि वे किसी विवाद में उलझे नहीं । निन्दा स्तुति को उन्होने समभाव से ग्रहण कर लिया था । उनके शिष्य हिन्दु और मुसलमान दोनों थे उन्होंने अपने आचरण और उपदेश द्वारा पूरी मानवता के लिए समाज पथ का आविष्कार किया । उन्होंने अपने विरोधियों से बहस कम की और समर्थकों को सलाह ज्यादा दी ।

17) 'लक्ष्मण–परशुराम संवाद' का कथासार अपने शब्दों में लिखिए । [6]

अथवा

'प्रभो' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

18) संत पीपा की जीवन–यात्रा का वर्णन कीजिए। [6]

अथवा

हामिद ने अन्य खिलौनों से चिमटे को श्रेष्ठ बताने के लिए क्या तर्क दिए?

प्रश्न संख्या 19 से 24 तक के प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में दीजिए।

19) राधा श्री कृष्ण को चोर क्यों कह रही है? [2]

20) कवि कृपाराम खिड़िया के अनुसार किस नगर में नहीं रहना चाहिए? [2]

21) वर्षा ऋतु के आगमन से प्रकृति में कौन–कौन से बदलाव आए है? [2]

22) संसार में नाम स्थिर रखने के लिए भारतेंदु के मन में क्या–क्या विचार आए? [2]

23) कन्याकुमारी में किन तीन सागरों का संगम होता है? [2]

24) सागरमल गोपा द्वारा रचित पुस्तके कौन–कौनसी है? [2]

प्रश्न संख्या 25 से 28 तक के प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए।

25) शिवधनुष टूटने पर गुस्सा कौन हुए? [1]

26) 'ऋतुराज' किस ऋतु को कहा गया है? [1]

27) संत दादू का जन्म कहाँ हुआ था? [1]

28) संत पीपा के गुरु का क्या नाम था? [1]

29) निम्नलिखित रचनाकारों का परिचय दीजिए। [4]

अ) तुलसीदास

ब) भारतेंदु हरिश्चंद्र

30) सड़क सुरक्षा की दृष्टि से वाहन चालक के कर्त्तव्य बताइए। [4]